कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी.एल.एड. प्र.प. 2021–22–विज्ञप्ति 03 / 38-41 / 2023–24, दिनांक 04 मई 2023।

द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2021-22 में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक : पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0 प्र0प0 2021–22 / विज्ञप्ति 01 / 465–468 / 2022–23 दिनांक 27 फरवरी 2023 के क्रम में निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा **द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed.) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2021-22 दिनांक 20 मई 2023 को प्रातः 10:00 से 12:30 बजे** तक **आयोजित की जा रही है।** समस्त अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** एवं **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन पर अपलोड किए जा चुके है। **अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) नम्बर एवं पासवर्ड अथवा नाम व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) **भर कर अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेगे। परीक्षा में अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये विवरणों के आधार पर सम्मिलित किया जा रहा है उनका अभ्यर्थन नितान्त औपबंधिक है।**

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसके द्वारा विधिवत ऑन–लाइन (शुल्क भुगतान सहित) आवेदन किया गया हो तो वह **दिनांक 18 से 19 मई 2023 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु अभ्यर्थी को **ऑन–लाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो** (आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटो समान) एवं फोटो पहचान पत्र (जैसा कि आवेदन में अंकित किया गया है) की छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।